सौगात 100 बसों का हुआ भव्य शुभारंभ ,महापौर, सांसद, विधायकों ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना

संस्कारधानी में अब सफर होगा और आसान

▶ छिंदवाड़ा, बालाघाट और सागर के लिए शुरू हुईं नई बस सेवाएं

नवभारत,जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जुड़ गया है। शहर के नागरिकों को जाम और प्रदूषण से राहत दिलाने के साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से 45 पी.एम. ई-बस और मुख्यमंत्री सुगम परिवहन योजना की 55 बसों समेत कुल 100 नई बसों का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', सांसद आशीष दुबे, विधायकगण अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु , डॉ. अभिलाष पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, जे.डी.ए. उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर इन बसों को रवाना किया।



शहर के भीतर 7 प्रमुख रूटों पर दौड़ेगी पी.एम. ई.-बस सेवा

जानकारी के अनुसार शहरी यातायात को प्रदूषण मुक्त और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से पीएम ई-बस सेवा के तहत विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर ई-बसों का संचालन शुरू किया गया है। ई-1 मदर टेरेसा नगर से रांझी घाना (वाया घमापुर), ई-2 आई.एस.बी.टी. से तिलवारा घाट (वाया कछपुरा ब्रिज), ई-3 आई.एस.बी.टी. से ग्वारीघाट (वाया त्रिमूर्ति नगर), ई-4 रेलवे स्टेशन से पनागर (वाया दमोहनाका), ई-7 आई.एस.बी.टी. से बरेला (वाया तीन पत्ती), ई-9 रेलवे स्टेशन से भेड़ाघाट (वाया अंधमूक बाईपास), एवं ई-11 आई.एस.बी.टी. से डुमना एयरपोर्ट (वाया रेलवे स्टेशन) तक।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं नई ई-बसें

इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इन बसों में आधुनिक तकनीक का व्यापक समावेश किया गया है। सुगम आवागमन के लिए दिव्यांगजन पंच बटन की विशेष व्यवस्था की गई है। यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर बस में जी.पी.एस. ट्रैकिंग और सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए गए हैं।

क्षेत्रीय संपर्क को मिलेगी नई गति

इस मौके पर सांसद आशीष दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत शहर को पड़ोसी जिलों और प्रमुख कस्बों से जोड़ने के लिए नई बसों की शुरुआत की गई है। जिसमें इंटर सिटी मार्ग - जबलपुर से छिंदवाड़ा 6 बसें, जबलपुर से बालाघाट 2 बसें तथा जबलपुर से सागर 2 बसें, अंतरशहरी मार्ग - जबलपुर से कटंगी 2 बसें, जबलपुर से मझोली 2 बसें एवं जबलपुर से सिहोरा 2 बसें शामिल हैं।

निकट भविष्य में 69 और बसें जुड़ेंगी


कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि शहर की परिवहन जरूरतों को पूरी तरह संतृप्त करने के लिए जल्द ही 69 अतिरिक्त पी.एम. ई-बसें जबलपुर को मिलेंगी। इसके बाद शहर और उपनगरीय मार्गों पर कुल लगभग 150 बसों का मजबूत नेटवर्क संचालित होगा, जिससे हर प्रमुख मार्ग पर यात्रियों को चंद मिनटों के अंतराल में सुरक्षित और आधुनिक बस सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

सेवा मेरा योगदान अभियान आज से प्रारंभ

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 से 10 अक्टूबर तक सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को अभियान की शुरुआत स्वच्छता कार्यक्रमों से होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि सुबह 10 बजे टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और 10.30 बजे भाजपा कार्यालय रानीताल में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान आयोजित होंगे, जिनमें राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी सहित भाजपा पदाधिकारी शामिल होंगे। गांधी जयंती पर सुबह 11.30 बजे मढ़ाताल गुरुद्वारा के पास भारतीय खादी एम्पोरियम में स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी भी की जाएगी। अभियान प्रभारी संदीप जैन ने बताया कि 10 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान, वृद्धाश्रम सेवा, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण, अनाथाश्रम सेवा और नशामुक्ति जागरूकता सहित 25 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर वृद्ध की हत्या

▶ टपरिया में घुसकर आरोपियों ने की वारदात



नवभारत,जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत कल्याणपुर में टपरिया बनाकर रह रहे बुजुर्ग की सोते समय कुल्हाडी से तीन वार कर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और घटना स्थल से अहम साक्ष्य जुटाते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश सिंह मरावी 50 वर्षीय निवासी कल्याणपुर में टपरिया बनाकर अकेले रहते थे। जब वह सो रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर अग्नू विश्वकर्मा और परीवा मरवी टपरिया में पहुंचे और गहरी नींद में सो रहे जगदीश पर ताबड़तोड़ कुल्हाडी से तीन वार कर दिए। आरोपियों ने बेरहमी से सीने पर लगातार हमला किया जिससे गंभीर चोटें आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित भाग निकले। जब जगदीश काफी देर तक टपरिया से बाहर नहीं निकला तो ग्रामीणों को शक हुआ। वह अंदर पहुंचे तो वहां का नजारा खौफनाक था। मृतक खून से लथपथ पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना तत्काल कुंडम पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है जिनके पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि हत्या किन कारणों से की गई है।



यातायात कानून तोड़ा, 397 के कटे चालान

जबलपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कुल 397 चालान कर 1 लाख 35 हजार 500 रूपये समन शुल्क वसूला गया, साथ ही वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने समझाइश भी दी गई । इसके साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेष तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात बैजनाथ प्रजापति, थाना प्रभारी मनीष पयासी के द्वारा छोटीलाईन फाटक पर आमजन को पी ए सिस्टम के माध्यम से हेलमेट एव सीट बेल्ट लगाये जाने की समझाइश दी गई। शपथ भी दिलाई गई। इसके अलावा स्कूलों में जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

ओवरब्रिज पर टहल रही महिला से मंगलसूत्र की झपटमारी

जबलपुर। खितौला थाना अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज पर पैदल घूम रही एक महिला के गले पर तीन अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर लॉकेट सहित सोने का मंगलसूत्र लूट लिया और सिहोरा की ओर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खितौला निवासी दुर्गा दीक्षित (56) पड़ोस में रहने वाली मोना सिंह ठाकुर के साथ रेलवे ओवरब्रिज पर पैदल टहल रही थीं। इसी दौरान पान उमरिया की तरफ से एक काले रंग की बाइक पर तीन युवक आए, मोटरसाइकिल पर सबसे पीछे बैठा युवक अचानक गाड़ी से उतरा और उनके करीब आया। उसने दुर्गा दीक्षित के गले में पहने हुए 12 गुरिया वाले सोने के मंगलसूत्र लॉकेट सहित पर हाथ मारा और उसे बलपूर्वक खींच लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तुरंत अपने साथियों के साथ बाइक पर बैठकर सिहोरा की तरफ भाग निकला।



युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी का हुआ स्वागत

नवभारत,जबलपुर। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमांग जोशी के जबलपुर आगमन पर डुमना विमानतल में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व गजमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, अशोक रोहाणी, नीरज सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर मौजूद रहे। विधायक अभिलाष पांडे ने आचार्य श्री विद्यासागर जी का तैलचित्र भेंट कर स्वागत किया। कटनी में आयोजित 'सेवा संकल्प यात्रा' में शामिल होने रवाना होने से पहले डॉ. जोशी ने कार्यकर्ताओं और मीडिया से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग और सशक्तिकरण पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने युवाओं से सेवा भाव के साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर जय रोहाणी, पंकज तिवारी, रौनक अग्रवाल, शुभम अरिहंत, शरद विश्वकर्मा, रवींद्र तिवारी, अंकित पाठक, आयुष सिंह, हर्षित राय, ऋतिक यादव, पंकज सिंह, रोहन वैद्य, समरजीत फौजदार, शिवा रैकवार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



एक नजर में

डेढ़ लाख की शराब के साथ दो तस्कर पकड़ाए

जबलपुर। पाटन पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा है जिनके कब्जे से 33 पेटी में 1650 पाव देशी शराब जप्त की गई है। पुलिस के मुताबिक कटरा बेलखेड़ा बस स्टेण्ड में घेराबंदी कर सुखेदव सिंह लोधी पिता स्व.मेन सिंह 30 वर्ष व शुभम सिंह लोधी पिता हल्ले सिंह लोधी 20 वर्ष दोनों निवासी कटरा बेलखेड़ा पाटन को उस वक्त दबोचा गया जब दोनों शराब बेचने की फिराक में घूम रहे थे। दोनों के कब्जे से कुल 33 पेटी में कुल 1 हजार 650 पाव देशी शराब कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की रखी मिली। जिसे जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

युवक को चाकू से गोदा

जबलपुर। ओमती थाना अंतर्गत बड़ी ओमती चौक में बदमाश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक राम रैकवार 18 वर्ष निवासी घमापुर का मोपेड से अपने साथी प्रिंस पटेल निवासी अधारताल के साथ बड़ी ओमती चौक के पास पान की दुकान में खड़ा था प्रिंस पटेल की पुरानी रंजिश सूर्या मलिक से है। सूर्या मलिक अपने साथी श्रेयांश, दुर्गेश एवं आयुष के साथ अलग अलग दुपहिया वाहनों से आया और राम एवं प्रिंस पटेल को साथ देखकर दोनों से विवाद करने लगा। इसके बाद सूर्या मलिक ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर कर राम को चोट पहुंचा दी।

बीच बचाव करने पहुंचे होटल मैनेजर को पीटा

जबलपुर। बेलबाग थाना अंतर्गत वंशकार मोहल्ला में बदमाशों ने युवक से शराब पीने रूपए मांगे। मना करने पर उसकी पिटाई कर दी । बीच बचाव करने पहुंचे होटल मैनेजर की भी धुनाई कर दी। पुलिस के मुताबिक प्रमोद वंशकार 18 वर्ष निवासी गोपाल होटल वंशकार मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह होटल में ड्यूटी पर था होटल के सामने अनिकेत सोनकर, अभिषेक सोनकर उर्फ छोटू व एक अन्य आकर उससे शराब पीने के लिये 200 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, होटल के मैनेजर रौनक बेन बीच बचाव करने आये तो तीनों ने उनके साथ भी मारपीट कर तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

बेटियों की सुरक्षा को लेकर बने ठोस योजना

नवभारत,जबलपुर। बेटियों की सुरक्षा को लेकर ठोस योजना बनाई जाए। उनकी अस्मत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। सभी विभागों, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन सख्ती से किया जाए और यहां शिकायत पेटी आवश्यक रूप से लगे। अवैध गतिविधियों का संचालित करने वाले होटलों पर भी छापेमारी की जाए। इन मांगों को लेकर जय महाकाल संघ एवं अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने कहा कि षड्यंत्रपूर्वक बेटियों को प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अस्मत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है महिला शक्ति महासंघ की प्रांत अध्यक्ष राधा तिवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक पत्र अति पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा को सौंपा और कार्रवाई की मांग की। साथ ही बेटियों की सुरक्षा के लिए शासन स्तर पर ठोस व्यवस्था बनाने की मांग उठाई। इस दौरान राधा तिवारी, नीलू स्वामी, माया सिंह ठाकुर, मीनू पिल्ले, पूनम बावरिया, सुमित यादव, रोशन गौतेल, पप्पू राव, विकास सराठे, विकास भरद्वाज, जयराज पिल्ले, राजकुमार यादव, संदीप यादव, नितिन नामदेव, शिवा मानकर, मनीष वैज्ञानिक, इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



नव निर्माण मंच ने विस्थापितों और श्रमिकों से किया संवाद

▶ मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य समस्याओं पर की चर्चा

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश नव निर्माण मंच के 14 दिवसीय जन-जागरूकता कारवां के तहत गुरूवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर श्रमिकों एवं स्थानीय रहवासियों के साथ संवाद किया गया। अभियान की शुरुआत मजदूर चौक पर श्रमिकों के साथ संवाद से हुई, जहां रोजगार, मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद सूपा ताल के सामने स्थित बस्तियों को हटाकर तेवर गांव में बसाए गए रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली गई। रहवासियों ने बताया कि स्थानांतरण के बाद उन्हें आवागमन, सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में तेवर गांव तक नियमित जन परिवहन की व्यवस्था करने, क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने तथा संजीवनी चिकित्सालय में डॉक्टर एवं आवश्यक चिकित्सा स्टाफ की तत्काल नियुक्ति की मांग की गई, ताकि रहवासियों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

समर्थन में उठाई आवाज

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवास सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। विशेष रूप से ऐसे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, जिन्होंने डेरे छोड़कर स्वतंत्र रूप से अपना जीवन और आजीविका स्थापित की है तथा डेरे में वापस नहीं जाना चाहते, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपना मकान नहीं बना पा रहे हैं, उनके लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता, सब्सिडी एवं आवश्यक रियायतें उपलब्ध कराने की मांग की गई।

एक घंटे के भीतर दो जगहों पर निकले सांप, मचा हड़कंप

▶ सर्प विशेषज्ञ ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ए.आर.टी. प्लस केंद्र मेडिसिन विभाग में सांयकाल 4 बजे काउंसलर के पद पर कार्यरत मंजू सिंह राजपूत कुर्सी पर बैठकर कुछ काम कर रही थी कि, अचानक उनके पैर में कुछ सरसराहट सी हुई तो उन्होंने देखा कि एक 6 फीट लंबा सांप उनके पैर से रेंगते हुए सीढी पर रखे कूलर की टंकी में छिप गया। उन्होंने तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। सांप को छोड़कर श्री दुबे घर लौट रहे थे कि सांयकाल 05 बजे त्रिपरी चौक गढ़ा निवासी श्रीमती वर्षा प्रजापति ने सूचना दी कि वे गमले और मटके बेचने का काम करतीं हैं और विगत तीन दिन से एक 8 फीट लंबा सांप गमले और मटकों के ढेर में छिपा है जिसके कारण उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए इस सांप को भी पकड़ लिया। सर्पों के पकड़े जाने पर सभी ने राहत की सांस ली।

ब्रिज नंबर-2 पर हाइट गेज की मरम्मत, 6 घंटे बंद रहेगा सड़क यातायात

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर ब्रिज नंबर-2 पर रिसी एजेंसी की ओर स्थित हाइट गेज की आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। मरम्मत कार्य के चलते 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ब्रिज नंबर-2 से सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान ब्रिज से आवागमन करने वाले वाहन चालकों और आम नागरिकों को परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करना होगा। यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए वाहन चालक ब्रिज नंबर-3 का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। रेल प्रशासन ने नागरिकों से मरम्मत कार्य की अवधि में निर्धारित वैकल्पिक मार्ग अपनाने और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन द्वारा मरम्मत कार्य को निर्धारित समय में पूरा कर ब्रिज नंबर-2 पर सुरक्षित सड़क यातायात जल्द बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

विकृति के बाद भी अभी तक नियमित नियुक्ति की नहीं शुरू हुई क्रिया : राकेश डीपी पाठक

नवभारत,जबलपुर। संविदा आधार पर नियुक्त कार्मिकों को नियमित नियुक्ति दिये जाने की स्वीकृति के बाबजूद अभी तक आगामी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र की सभी बिजली कंपनियों में परीक्षा देकर आए संविदा कर्मी अनेक वर्षों से कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर , अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, ऊर्जा सचिव के विशेष आदेश पर सभी को नियमित नियुक्ति प्रदान करने हेतु आदेश दिए गए थे। ऊर्जा विभाग ने जुलाई 2026 के आदेश के माध्यम से संविदा आधार पर नियुक्त कर्मियों को स्वीकृत नये समकक्ष नियमित रिक्त पदों पर नवीन नियुक्ति दिये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की थी।

ऊर्जा विभाग द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट रूप से आदेशित किया गया है कि नियमित नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही 31 अक्टूबर 2026 तक पूर्ण किया जाना है । फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, यू के पाठक, लक्ष्मण सिंह राजपूत, दिनेश दुबे, एन के यादव, उमाशंकर मेहता, सतीश गुप्ता, सुरेश बाबू खरे, बी एस राठौर, रामेश्वर गागे, किशोर चौहान सहित अन्य ने कहा है कि आश्चर्य की बात है कि दो माह से ज्यादा हो गये है किन्तु आज तक संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने हेतु स्वीकृत योजना के क्रियान्वयन हेतु अधिसूचना तक जारी नहीं हो पायी है। इस कारण से सभी संविदा कर्मी अपने आप को शोषित, पीड़ित समझने लगे हैं। इन संविदा कर्मियों के मन में भय, असुरक्षा और असमंजस की स्थिति लगातार निर्मित हो रही है जो बिजली कंपनियों के लिए अच्छी नहीं है।

परेशानी अधीक्षण यंत्री को भेंट की लालटेन

बंद स्ट्रीट लाइटों पर ध्यान आकर्षित करवाने कांग्रेस का अनोखा तरीका

नवभारत,जबलपुर। गोलाबाजार क्षेत्र अंतर्गत बंद स्ट्रीट लाइटों पर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करवाने के लिए कांग्रेस पार्षद दल ने अनोखा तरीका निकाला। कांग्रेस पार्षद दल ने ध्यानआकर्षित करने के लिए स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव को लालटेन भेंट की।

गोलबाजार क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ी स्मार्ट स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर सचेतक कांग्रेस पार्षद दल की अगुवाई में पार्षदों ने स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंचकर अधीक्षण यंत्री को प्रतीकात्मक रूप से लालटेन भेंट की। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण एवं प्रतीकात्मक तरीके से किया गया।

सचेतक अयोध्या तिवारी ने कहा कि गोलबाजार क्षेत्र की स्ट्रीट लाइटों के संबंध में पूर्व में कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गई है। कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त तथा स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को भी विभिन्न माध्यमों से समस्या से अवगत कराया गया लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए सड़क पर पर्याप्त रोशनी केवल सुविधा का विषय नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा और सुचारु आवागमन से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। जब स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत स्थापित स्ट्रीट लाइटें लंबे समय तक बंद रहती हैं तो स्वाभाविक रूप से नागरिकों के बीच व्यवस्था को लेकर सवाल उठते हैं।



जनता अंधेरे में रहने को मजबूर

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा कि जब स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद हैं तो जनता को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर क्यों होना पड़े अगर स्मार्ट लाइटें रोशनी नहीं दे पा रही हैं तो कम से कम लालटेन ही जनता को रास्ता दिखा दे।

ये रखपी मांगे

कांग्रेस पार्षद दल ने गोलबाजार क्षेत्र की सभी बंद स्ट्रीट लाइटों का निरीक्षण करवाने, प्रत्येक खराब लाइट एवं संबंधित पोल की सूची तैयार करने, खराबी का स्पष्ट कारण, मरम्मत प्रतिस्थापन करने, जिम्मेदार ठेकेदार एजेंसी जवाबदेही और भविष्य में लाइटें खराब होने पर बदलने की मांग की है।

आश्वासन नहीं, परिणाम चाहिए

अयोध्या तिवारी ने कहा कि पार्षद दल का उद्देश्य केवल विरोध प्रदर्शन करना नहीं है। हम चाहते हैं कि अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति देखें और नागरिकों को राहत मिले। उन्होंने कहा कि हमनें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समस्या को बार-बार अधिकारियों के संज्ञान में लाया है। अब हमारी अपेक्षा है कि संबंधित विभाग भी अपनी जिम्मेदारी निभाए। जनता को आश्वासन नहीं, जमीन पर जलती हुई स्ट्रीट लाइट चाहिए। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता गुड्डू नबी, सत्येंद्र गुड्डा चौबे, राकेश पांडे, प्रमोद पटेल, गुड्डू तामसेतवार, मुकीमा याकूब अंसारी, अख्तर अंसारी, वकील अंसारी आदि उपस्थित थे॥